Fourteenth Loksabha

Session : 3
Date : 22-12-2004

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

Title :Need for construction of rail overbridges at Mirganj and Western Fatehganj in Bareilly, U.P.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : उपाध्यक्ष महोदय, बरेली उत्तर प्रदेश का मुख्य महानगर है तथा यह दिल्ली-लखनऊ के मध्य राट्रीय राजमार्ग 24 पर स्थित है। उक्त मार्ग पर यातायात बहुत अधिक है तथा इस राजमार्ग के मीरगंज (जनपद बरेली) तथा फतेहगंज पश्चिमी (जनपद बरेली) पर रेल क्रॉसिंग के कारण यातायात अक्सर काफी समय के लिए रूक जाता है। इन स्थानों पर रेल ओवर ब्रिज के निर्माण की मांग काफी समय से की जा रही है तथा रेल व भूतल परिवहन मंत्रालयों को इसकी आवश्यकता बतायी जा चुकी है। मेरा संबंधित मंत्रालयों से आग्रह है कि आवश्यकता व अधिक यातायात की समस्या को ध्यान में रखते हुए इन स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर रेल ओवर ब्रिज बनाए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें।